SECOND TERMINAL EVALUATION 2016-2017

B

Third Language

Hindi

Std. IX

Score : 40
Time : 90 minutes

सामान्य सूचना :

- प्रश्न पत्र वाचन और चिंतन के लिए पंद्रह मिनट का समय है। इसके बाद ही लिखना शुरू करें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

सूचना :'नंगे पैर' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पोस्टमैन मन ही मन कह उठा, "इस बच्ची ने तो मुझ नंगे पैर को जूते दिए। उसके पैर नहीं है, वो मैं कैसे दे सकूँगा?" काम खत्म करके वह सीधा पोस्ट ऑफिस गया। बड़े बाबू के टेबल के सामने जाकर बोला, "साहब मेरी लाईन बदल दीजिए, सिटी में कहीं भी बदली कर दीजिए।"

1. '**मेरी**' शब्द में प्रयुक्त सर्वनाम कौन सा है? 1

   (वह, मैं, तू)

2. इस कहानी के लिए 'नंगे पैर' शीर्षक कहाँ तक सार्थक है? 2
3. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर पोस्टमैन की उस दिन की डायरी लिखें। 4

सूचना : 'जीने की कला' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 4 और 5 के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

लिखना, पढ़ना, पहनना, ओढ़ना,
मिलना, झगड़ना, चित्र बनाना, मूर्ति रचना,
पशु पालना और उनसे काम लेना
यही सारे काम तो इतिहास हैं
मनुष्य के सात द्वीपों और नौ खंडों में।

4. 'सात द्वीप और नौ खंड' से क्या तात्पर्य है? 1

   (अफ्रीका; सारी दुनिया; भारत)

5. इस कविता की व्याख्या करते हुए टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : यह गद्यांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> पानी की समस्या हम सबके लिए एक गंभीर चुनौती है। वास्तव में देखा जाए तो हम में से अनेक इसके लिए जिम्मेदार हैं। अपनी दैनिक आदतों में थोड़ा-सा बदलाव लाने से पानी की रक्षा की जा सकती है। हम जहाँ हैं, वहीं पानी के दुरुपयोग को रोक सकते हैं। पानी और पर्यावरण को बचाने के लिए लोगों के सोचने के ढंग और आदतों में बदलाव आना चाहिए। पानी की एक-एक बूँद कीमती है।

6. खंड के आधार पर संबंध पहचानें सही मिलान करें। 3

पानी की समस्या	कीमती।
पानी की रक्षा	सबसे बड़ी चुनौती।
पानी की एक-एक बूँद	दैनिक आदतों में बदलाव द्वारा।

7. पानी की समस्या का जिम्मेदार कौन है? 1

8. पानी एवं पर्यावरण की रक्षा पर ध्यान दिलाते हुए एक पोस्टर तैयार करें। 4

सूचना : 'गांधीजी गांधीजी कैसे बने' लेख का यह अंश पढ़ें और 9 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> गांधीजी की यह सोच थी कि जब आपके देश के अधिकांश लोग गरीब हों तो आपको फिज़ूलखर्ची और दिखावा नहीं करना चाहिए। अगर आप सचमुच अपने देश और देशवासियों से प्यार करते हैं तो आपको कम से कम में काम चलाना चाहिए।

9. गांधीजी के अनुसार देश में बहुत सारे गरीब हों तो हमें क्या-क्या नहीं करना चाहिए? 1

10. **'आप'** के बदले **'मैं'** का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1

    आप अपने देशवासियों से प्यार करते हैं।

11. नमूने के अनुसार उचित प्रत्यय जोड़कर संज्ञा शब्द बनाएँ। 2

गरीब	ई	गरीबी
चतुर	.....	....
सुंदर	.....	....

12. संकेतों की सहायता से '**जीवन में सादगी का महत्व**' विषय पर छोटा-सा भाषण तैयार करें। 4

- सादगी और जीवन।
- सादगी से प्रयोजन।
- सादगी के उदाहरण।
- सादगी की प्रासंगिकता।

सूचना : 'अकाल में सारस' कविता की कुछ पंक्तियाँ पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अचानक
एक बुढ़िया ने उन्हें देखा
ज़रूर ज़रूर
वे पानी की तलाश में आए हैं
उसने सोचा

वह रसोई में गई
और आँगन के बीचोंबीच
लाकर रख दिया
एक जलभरा कटोरा

13. यहाँ बुढ़िया के स्वभाव की कौन-सी विशेषता प्रकट होती है? 1

(घृणा; दया; स्वार्थ)

14. सारस पानी की तलाश में आए थे, लेकिन लौटके चले गए। -यहाँ कौन-सी समस्या का संकेत है? 1

15. पर्यावरण का संतुलन जीव-जंतुओं के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। इसके आधार पर 'अकाल में सारस' कविता पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : 'छिप-छिप अश्रु बहानेवालो' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 16 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

तम की उमर बढ़ानेवालो! लौ की आयु घटानेवालो!
लाख करे पतझर कोशिश पर उपवन नहीं मरा करता है।

16. 'लाख करे पतझर कोशिश पर उपवन नहीं मरा करता है' –में कौन-सा भाव है? 1

(निराशा, दुख, आशा)

17. पंक्तियों का आशय लिखें। 2

18. संबंध पहचानें और सही मिलान करें। 3

कुछ पानी के बह जाने से	बचपन नहीं मरा करता है।
कुछ मुखडों की नाराज़ी से	सावन नहीं मरा करता है।
चंद खिलौनों के खोने से	दर्पण नहीं मरा करता है।